राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर की प्रशासनिक परिषद दिनांक 22.08.2019 को समय 12.00 बजे (मध्याह्न) श्री पर्वत सिंह यादव की अध्यक्षता में राजकीय इंजी0 कालेज, अम्बेडकर नगर के समिति सदन में सम्पन्न हुई आंठवीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए –

| क्रम सं0 | सदस्य | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री पर्वत सिंह यादव | अध्यक्ष |
| 02 | श्री अवध किशोर<br>उपसचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नामित सदस्य |
| 03 | श्री नीरज श्रीवास्तव<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन अयोध्या मण्डल, अयोध्या। | वित्त सचिव द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य |
| 04 | श्री के0राम<br>संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, सेन्ट्रल जोन। | निदेशक आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य |
| 05 | डा0 आर0के0 नागरिया<br>प्रोफेसर, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | निदेशक एम0एन0एन0आई0टी0 इलाहाबाद द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य |
| 06 | प्रो0 एम0एम0 गोरे<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 07 | प्रो0 विशाल सिंह चंदेल<br>अप्लाइड साइंस एण्ड ह्यूमेनिटीज विभाग, रा0इं0का0, अम्बेडकर नगर। | सदस्य |
| 08 | प्रो0 आर0पी0 पयासी<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, कमला नेहरु प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 09 | प्रो0 आर0एस0 यादव<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 10 | डा0 राजीव<br>एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विज्ञान विभाग, आई0आई0टी0 बी0एच0यू0, बनारस। | सदस्य |
| 11 | डा0 अखिलेश कुमार मिश्र<br>निदेशक, रा0इं0का0, अम्बेडकर नगर। | सदस्य / सचिव |

अपरिहार्य कारणोंवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके।

| क्रम सं0 | सदस्य | पद |
|---|---|---|
| 01 | प्रो0 विनय कुमार पाठक<br>कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम, प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 02 | डा0 अभय करंडीकर<br>निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 03 | प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय<br>निदेशक, कमला नेहरु प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 04 | प्रो0 राम अवध मिश्र<br>इलेक्ट्रानिक इंजी0 विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |

सर्वप्रथम निदेशक संस्थान एवं सदस्य सचिव प्रशासकीय परिषद नें माननीय अध्यक्ष तथा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया, तदोपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**08.01 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न छठवीं बैठक एवं 13.06.2019 को सम्पन्न सातवीं (आकस्मिक) बैठक के कार्यवृत्तों का पुष्टिकरण।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न छठवीं बैठक एवं 13.06.2019 को सम्पन्न सातवीं (आकस्मिक) बैठक के अनुमोदित कार्यवृत्तों का पुष्टिकरण किया गया।

**08.02 प्रशासकीय परिषद की दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न छठवीं एवं सातवीं (आकस्मिक) बैठक By Circulation दिनांक 13.06.2019 में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

परिषद दिनांक 28.05.2019 को सम्पन्न छठवीं एवं सातवीं (आकस्मिक) बैठक By Circulation दिनांक 13.06.2019 में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत हुई।

**08.03 संस्थान की दिनांक 12.07.2019 को सम्पन्न केन्द्रीय क्रय समिति की सातवीं बैठक के कार्यवृत्त का औपचारिक अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की दिनांक 12.07.2019 को सम्पन्न केन्द्रीय क्रय समिति की सातवीं बैठक के कार्यवृत्त से परिषद अवगत हुई एवं अनुमोदन प्रदान किया।

**08.04 TEQIP-III द्वारा क्रय किये गये एवं क्रय किये जाने वाले उपकरणों, सॉफ्टवेयर एवं सामानों की अद्यतन स्थिति।**

परिषद TEQIP-III से क्रय किये गये उपकरणों की वस्तुस्थिति से अवगत हुई एवं क्रय किये जाने वाले उपकरणों सॉफ्टवेयर एवं सामानों का अनुमोदन प्रदान किया।

**08.05 प्रशासकीय परिषद की सम्पन्न छठवीं बैठक के बाद संस्थान के शैक्षिक क्रियाकलापों से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद छठवीं बैठक के बाद संस्थान के शैक्षिक क्रियाकलापों एवं अन्य क्रियाकलापों से अवगत हुई।

**08.06 प्रशासकीय परिषद में सदस्य के नामांकन की सूचना एवं औपचारिक अनुमोदन।**

प्रशासकीय परिषद में माननीय अध्यक्ष प्रशासकीय परिषद द्वारा प्रो0 विशाल सिंह चंदेल, विभागाध्यक्ष अप्लाइड साइंस एण्ड ह्यूमेनिटीज विभाग, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर के सदस्य के रुप में दिनांक 21.06.2019 से 20.06.2020 तक के नामांकन से परिषद अवगत हुई एवं औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया।

**08.07 अन्य अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

**(A) संस्थान परिसर में बैंक का Business Centre/Extension Counter खोले जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद ने संस्थान परिसर में पंजाब नेशनल बैंक/एस0बी0आई0 का Business Centre/Extension Counter खोले जाने का औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया एवं यह निर्देश दिया कि उक्त के लिए शासन से अनुमोदन प्राप्त किया जाय।

**(B) संस्थान में स्ववित्त पोषित योजना (Self Finance Mode) के अन्तर्गत तीन नये ब्रांचों (Mechanical Engineering, Electronics Engineering and Computer Science Engineering) खोले जाने का प्रस्ताव।**

परिषद ने उक्त के सम्बन्ध में औपचारिक अनुमोदन प्रदान की एवं प्रस्ताव भेज कर शासन विश्वविद्यालय एवं सम्बन्धित संस्था से अनुमति प्राप्त करने का निर्देश दिया।

**(C) TEQIP-III योजना के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं को एकेडमिक मद के अन्तर्गत प्रदान किये जाने वाले सुविधाओं एवं TEQIP Office में कार्यरत कर्मचारियों के वेतन वृद्वि पर विचार एवं अनुमोदन।**

1. परिषद ने TEQIP-III योजना के अन्तर्गत TEQIP Office के कर्मचारियों MIS Officer, Data Entry Operator and Messenger Cum Dispature के वेतन में वृद्वि के लिए अन्य संस्थानों का अध्ययन करके वित्त समिति से अनुमोदन प्राप्त करने एवं तदोपरांत BOG के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

2. परिषद ने संस्थान के विभिन्न विभागों के ओवर ऑल टापर (College Toper), Class Toper प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के टापर्स को क्रमशः रु0 11,000/–,रु0 5000/–,रु0 3000/–, रु0 2000/– के साथ मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र TEQIP-III योजना के अन्तर्गत दिये जाने की अनुमति एवं औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया एवं यह भी निर्देश दिया कि ओवर ऑल टापर को क्लास टापर की प्रोत्साहन राशि नही दी जायेगी। यह व्यवस्था सत्र 2018–19 से लागू की जाय।

अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को निदेशक/सदस्य सचिव प्रशासकीय परिषद द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

(डा0 अखिलेश कुमार मिश्र)
निदेशक/सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
अम्बेडकर नगर।

(श्री पर्वत सिंह यादव)
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद,
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज
अम्बेडकर नगर।